हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 43 .1 डिग्री
न्यूनतम 17 .2 डिग्री

11 युवाओं ने आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई



12 विधायक ने सुनीं समस्याएं बिजली निगम तैयारी रखे



## खबर संक्षेप



### जाट जोशी के सरकारी स्कूल में दिए 32 बैंच

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत अरडेंट ने सरकारी मिडल स्कूल, जट जोशी को 32 बैंच भेंट कीं। इस कार्यक्रम का सफल संचालन पीपी आशु नागपाल द्वारा किया गया, जिन्होंने इस आयोजन के मास्टर ऑफ सेरेमनी की भूमिका निभाई। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन राजेश कटारिया ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य न केवल समाज की सेवा करना है, बल्कि बच्चों को बेहतर शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराना भी है। कार्यक्रम में पीपी सतीश चोपड़ा, संजय अरोड़ा, संजय अंटिल, दीपक हुड्डा, अभिषेक गुप्ता, मनोज कथूरिया, विशाल बेदी, सुनील कश्यप, डॉ. राजन मक्कड़ और शशि कटारिया मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार किया

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजबीर उर्फ कछुआ निवासी गढ़ी बाला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यूपी हालत में किराएदार सोनीपत निवासी एक महिला ने 16 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करते है। उनके पड़ोस में राजबीर उर्फ कछुआ रहता है। उसकी पोती भी उसके साथ ही रहती है। राजबीर ने उसकी पोती के साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तह मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### गाड़ी चोरी का आरोपित पकड़ा, अदालत में पेश

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने इक्को गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हरीश पुनहाना नूंह का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उत्तर प्रदेश हाल में बलवंत कॉलोनी राई निवासी राममूरत ने 9 अगस्त 2022 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी इक्को गाड़ी को घर के बाहर गली में खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो गाड़ी नहीं मिली। इसके बाद मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### क्रिकेट में छाई छात्राएं कॉलेज में स्वागत



**सोनीपत।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की तीन छात्राओं ने हिस्सा लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डा. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता 1 अप्रैल से 11 अप्रैल तक भुवनेवशर में आयोजित की गई थी। जिसमें कॉलेज की तीन छात्राओं मनजीत, भारती, तमन्ना शर्मा ने एमडीयू की टीम में हिस्सा लेकर प्रथम स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

---

राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति का परीक्षा परिणाम घोषित

# 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की, अब हर महीने एक-एक हजार रुपये मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये शुरू की गई शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) का परिणाम वीरवार को जारी कर दिया गया है। छात्रवृत्ति योजना के तहत जिले के 1800 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 101 विद्यार्थी उतीर्ण हुए हैं। इनमें मानषी व राधिका ने जिले में प्रथम, विनय ने द्वितीय जबकि रोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को अब 12वीं कक्षा तक प्रति माह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से प्रोत्साहित करने के लिये एनएमएमएसएस योजना शुरू की गई थी। वर्ष 2025-26 सत्र के लिये एनएमएमएसएस परीक्षा का आयोजन 17 नवंबर 2024 को किया गया था, जिसके लिए जिले भर से 2267 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। हालांकि जिले में बनाए गए आठ परीक्षा केंद्रों पर 1826 विद्यार्थियों ने ही परीक्षा दी थी, जबकि 441 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे थे। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रति माह एक हजार यानी सालाना 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### यह है एनएमएमएसएस



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा की ओर से राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएम) परीक्षा आयोजित की जाती है। इस योजना के तहत केवल आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थी ही इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी करने तक हर माह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों के सामने आने वाली आर्थिक परेशानी को दूर करना है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित ना हो।

### मानसिक और बौद्धिक योग्यता का हुआ था परीक्षण

छात्रवृत्ति परीक्षा को दो भागों में बांटा गया था। पहला भाग मानसिक योग्यता परीक्षण का था। जिसमें एक-एक अंक के 90 बहुविकल्पीय प्रश्न, जबकि दूसरे भाग में बौद्धिक योग्यता परीक्षण के तहत एक-एक अंक के 90 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे। इसमें 35 प्रश्न विज्ञान, 20 गणित और 35 सामाजिक विज्ञान के प्रश्न शामिल थे। 90-90 मिनट की इन परीक्षाओं में सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य था।

### 12वीं कक्षा तक छात्रवृत्ति दी जाएगी

एनएमएमएसएस परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें जिले भर से 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा तक छात्रवृत्ति दी जाएगी।

*-नीती, नोडल अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ, सोनीपत।*

### जिले के टॉपर

| स्थान | विद्यार्थी | प्राप्त अंक |
|---|---|---|
| प्रथम | मानषी | 114 |
| प्रथम | राधिका | 114 |
| द्वितीय | विनय | 113 |
| तृतीय | रोहित | 109 |



### करवाना होगा पंजीकरण

चयनित विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को योजना का लाभ लेने के लिए अब राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर अपना पंजीकरण करवाना होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को एक माह का समय दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने सभी जिला नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी दस्तावेजों की जांच के बाद विद्यार्थी का एनएसपी पर पंजीकरण सुनिश्चित करवाना है और उनका रिकार्ड भी रखना होगा। दस दिन के अंदर विद्यार्थियों के स्वजनों को बुलाकर उन्हें योजना के बारे में पूर्ण जानकारी मुहैया करवाएं है।

---

# जहरीले पदार्थ से व्यक्ति की मौत, बेटी बोली - रिश्तेदारों ने ही खिलाया जहर

- मृतक की बेटी परिजनों और ग्रामीणों के साथ पहुंचीं लघु सचिवालय, पुलिस उपायुक्त को दी शिकायत



**सोनीपत।** शिकायत लेकर लघु सचिवालय पहुंचीं मृतक की बेटी साथ में परिजन और ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत/खरखौदा

खरखौदा के एक गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध रूप से जहरीला पदार्थ निगलने के कारण मौत हो गई। मृतक की बेटी ने इस मामले में 10 लोगों पर प्रताड़ना करने और जहर देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। वीरवार को मृतक के परिजन और अन्य ग्रामीण लघु सचिवालय पहुंचे जहां पुलिस उपायुक्त को शिकायत सौंपी गई। हालांकि इस मामले में पुलिस ने पहले ही बीएनएस की धारा 108/3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी अनुसार नसीरपुर चौलका के रहने वाले मनोज की 23 अप्रैल को तबीयत बिगड़ने पर खरखौदा के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। इसके बाद पीजीआई भी ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान मनोज की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण जहरीला पदार्थ बताया गया था। इस मामले में मृतक मनोज की बेटी निशा ने पुलिस उपायुक्त को शिकायत देकर अपने ही रिश्तेदारों पर जबरन जहर खिलाने तथा पुलिस पर आरोपितों का साथ देने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस ने इस मामले में पहले ही आत्महत्या का केस दर्ज कर लिया था।

### बेटी और परिजनों ने ये लगाए आरोप

पुलिस को दी शिकायत में निशा ने बताया कि वह नसीरपुर चौलका की रहने वाली है। उसके पिता मनोज ने अपनी माता के साथ 2 लाख 50 हजार रुपए उधार देते हुए करार किया था कि इस रकम को 6 महीने में लौटा देंगे। अगर रकम नहीं लौटाते तो प्लॉट देंगे। करार पूरा होने के बाद न पैसे दिए गए और ना ही प्लॉट दिया गया। इसके अलावा उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी गई। उसने बताया कि 22 अप्रैल को जब उसके माता-पिता घर पर थे, तब आरोपितों ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उसकी मां के सिर पर चोट आई और पिता की गर्दन दबाई गई। उसने तुरंत 112 पर कॉल की और मां को सिविल अस्पताल खरखौदा में भर्ती कराया। एसआई ने फोन पर पूरी बात सुनी और वीडियो भी बनाई, लेकिन बयान लेने नहीं आई।

#### पूर्व सरपंच के कहने पर थाने में पिता के साथ दुर्व्यवहार

निशा ने बताया कि जब वह अपनी मां को पीजीआई रोहतक ले गई, तब दोपहर करीब 2 बजे एक एसआई उसके पिता को घर से उठाकर थाना खरखौदा ले गए। थाने में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। यह सब पूर्व सरपंच के कहने पर किया गया। शाम 5 बजे जब उनके पिता घर लौटे, तब आरोपितों ने फिर से उनके साथ मारपीट की। निशा के अनुसार 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे असली दस्तावेज लेकर थाने बुलाया गया था।

#### मोबाइल छीनकर सबूत नष्ट कर दिए

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एसआई ने उसका मोबाइल छीनकर सबूत नष्ट कर दिए और उसके पिता को मां से दूर ले जाकर दुर्व्यवहार किया। दबाव डालकर कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवाए गए। आरोपियों ने दोनों बेटियों को उठवाने की धमकी भी दी। इसके बाद शाम के समय पिता मनोज की तबीयत खराब होने लगी तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर मनोज ने आरोपितों पर जबरन जहर खिलाने का आरोप लगाया। लेकिन मौके पर पुलिस नहीं पहुंचीं और उपचार के दौरान मनोज की मौत हो गई।

---

## गन्नौर में अवैध कालोनी पर चला बुल्डोजर, रास्ते उखाड़े



**गन्नौर।** दतौली रोड पर बनाए गए अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने वीरवार को बड़ौत की राजस्व संपदा व गन्नौर से दतौली रोड़ पर अवैध कालोनी पर पीला पंजा चलवाया। कार्रवाई के दौरान सात डीपीसी किए हुए प्लाट व एक प्रोपर्टी डीलर आफिस को जिला सोनीपत की ईन्फोर्समैंट टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन की मदद से ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अजमेर सिंह ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कालोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें। अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। बेगा रोड पर शाहपुर मोड के पास अवैध रूप से प्लाट खरीदकर अपनी कमाई को व्यर्थ न जाने दें।

## एमटीपी अधिनियम का उल्लंघन, बीएएमएस डॉक्टर का लाइसेंस रद

**सोनीपत।** पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम, एमटीपी अधिनियम का उल्लंघन करने वाले सोनीपत के एक बीएएमएस डॉक्टर का लाइसेंस भारतीय चिकित्सा परिषद, हरियाणा द्वारा रद कर दिया गया है। प्रदेश में पिछले एक महीने में राज्य में कुल 1500 एमटीपी केंद्रों में से 379 एमटीपी केंद्र बंद कर दिए गए हैं और 16 एमटीपी केंद्रों का पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है। हरियाणा में एमटीपी किट की बिक्री में गिरावट का रुख है।

एसटीएफ के संयोजक डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि सोनीपत के डीसीओ को असत्यापित, अधूरी रिपोर्ट देने और यह सुनिश्चित नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि हरियाणा के एमटीपी केंद्रों में एमटीपी किट बेची जाएं। प्रीइम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग परीक्षण केवल सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा।

## पहलगाम हमला : गुस्से में जनता, विधायक और संगठनों ने शहर में कैंडल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर




**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालते लोग।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गन्नौर में सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। हलका विधायक देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में हुए इस मार्च में शहरवासियों ने एकजुट होकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए। आतंकवाद की कड़ी निंदा की गई। प्रदर्शन में सामाजिक, धार्मिक और व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कई गणमान्य लोग भी पहुंचे। कैंडल मार्च नमस्ते चौक से शुरू हुआ। मुख्य बाजार से होते हुए रेलवे स्टेशन पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद हाय-हाय के नारे लगे। रेलवे स्टेशन पर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट का मौन रखा गया। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इससे आतंकवाद के खिलाफ शहर में मजबूत संदेश गया। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाने की मांग की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों को चुन-चुन कर मारा गया। यह मानवता पर हमला है। देश में इस नरसंहार को लेकर आक्रोश है। हर नागरिक गुस्से में है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने पहलगाम में धर्म पूछ कर गोली मारने की घटना को कायराना बताया। केंद्र सरकार से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की। कहा कि देश आतंक के खिलाफ एकजुट हो चुका है।

## मां की मौत का पता लगने पर घर आ रहे बेटे को वाहन ने कुचला

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। पुलिस युवक को अस्पताल लेकर गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। युवक अपनी मां की मौत का लगने पर अपने घर जा रहा था। उसी दौरान हादसे का शिकार हो गया। गांव सदरपुर करनाल निवासी सोनू ने बताया कि उसका भाई शिवा (23) अपने दोस्त हनीफ को उत्तर प्रदेश में छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। जब वह बाइक पर सवार होकर दिल्ली-पानीपत रोड पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसे पता चला कि उसका भाई शिवा मेरी मां की बीमारी के चलते मौत का पता चलने पर गांव जा रहा था। वह मुरथल पुल के पास पहुंचा। उसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे चपेट में ले लिया।

---

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर अनोखा विरोध

# जिला पार्षद ने काले कपड़े पहनकर जताया विरोध, मुख्यमंत्री सैनी को खून से लिखा पत्र

- जिला पार्षदों को भी विधायक व सांसद की तर्ज पर अधिकार और सुविधाएं देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



**सोनीपत।** जिला परिषद कार्यालय के बाहर विरोध जताते हुए जिला पार्षद।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिला परिषद कार्यालय के बाहर बुधवार को एक अनोखा और असरदार प्रदर्शन देखने को मिला। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने काले कपड़े पहनकर और सिर पर काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध दर्ज किया।

उन्होंने अपने खून से मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर जिला पार्षदों को भी विधायक व सांसद की तर्ज पर अधिकार और सुविधाएं देने की मांग की। संजय बड़वासनिया ने कहा कि पंचायती राज की वर्तमान स्थिति मात्र दिखावा बनकर रह गई है। जिला परिषद एक सफेद हाथी बन चुकी है। हमारे पास न तो अधिकार हैं और न ही पर्याप्त संसाधन, जिससे हम अपने वार्डों में विकास कार्य सुचारु रूप से करवा सकें।

उन्होंने बताया कि नगर निगम के पार्षद, जिनके क्षेत्र में मात्र 10 से 12 हजार मतदाता हैं, वे करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाने में सक्षम हैं, जबकि जिला पार्षद, जिनके क्षेत्र में 55 से 60 हजार मतदाता हैं, उन्हें नाममात्र की ग्रांट पर निर्भर रहना पड़ता है। बड़वासनिया ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर हरियाणा में भी जिला परिषदों को सशक्त बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पंचायती राज की मजबूती के लिए एसडीसी, जीडीपी जैसी स्कीमें वार्ड वाइज लागू की जाएं और वर्षों से लंबित स्टांप ड्यूटी का पैसा भी जिला परिषद को जारी किया जाए।

### चुनावों में भुगतना पड़ेगा खामियाजा

पार्षद ने यह भी बताया कि यह पहला मौका नहीं है जब उन्होंने खून से पत्र लिखा हो। इससे पहले भी वे मुख्यमंत्री को इसी तरीके से पत्र भेज चुके हैं। उन्होंने कहा, यह खून सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उन 60,000 मतदाताओं का है जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया है। सरकार अगर समय रहते हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं देती, तो इसका खामियाजा आगामी चुनावों में भुगतना पड़ सकता है। इस अवसर पर पार्षद संजय बड़वासनिया के समर्थन में अंकित, मलिक, सुमित, अमित, साहिल, अजय, मनीष, प्रवेश, पारस, मनक, पवन, मोहित और जितेंद्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भाभी से दुष्कर्म करने के दोषी को दस साल कैद की सजा

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में घर के अंदर घुसकर भाभी से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी पर 12 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। छपरा बिहार हाल में राई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 11 फरवरी, 2021 को पुलिस को बताया था कि वह 10 फरवरी, 2021 को घर पर अकेली थी। उनके बच्चे ट्यूशन पर गए थे। तब उनका देवर घर में घुस आया था। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। साथ ही विरोध करने पर मारपीट की थी। बाद में रात को भी आरोपित ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जिसके बाद राई थाना में शिकायत दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे डा. जसबीर सिंह ने आरोपित को दोषी करार दिया। उसे दुष्कर्म व अन्य धाराओं में 10 साल कैद और 12 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है।

## पुलिस उपायुक्त ने बतौर डीसीपी किया पद ग्रहण



**सोनीपत।** अधिकारी का स्वागत करते हुए एसीपी राहुल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


- अपराध नियंत्रण करना रहेगी प्राथमिकता : कुशल पाल सिंह

पश्चिमी जॉन सोनीपत के नवनियुक्त डीसीपी कुशल पाल सिंह एचपीएस ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपने कार्यालय मिनी सचिवालय सोनीपत में जोन के अंतर्गत आने वाले सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और विभिन्न ब्रांचों के इंचार्जों के साथ बैठक की। डीसीपी कुशल सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण को उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संगठित अपराध पर अंकुश लगाना और आम जनता को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना पुलिस प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने थाना व चौकी स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा, गश्त व्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराधों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। डीसीपी ने कहा कि जनता से संवाद और विश्वास कायम करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को संवेदनशील और सहयोगी रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

# आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल



### 5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

**जापान की** टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

### मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

**चीन के** शंघाई शहर में हुआंगपु नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइंस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया



टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन में घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

### पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका



**बच्चो, एक** ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

### फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

**बच्चो, अगर** तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्यूशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *



### दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

**अमेरिका के** वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती



थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गईं। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

### पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन



**जिस तरह** जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

### अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा



**बच्चो, जिस** तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *



**किताब:** भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका:** अनुपमा गोरे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें

1. नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2. खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3. एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

## जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-150 का उत्तर :** 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

**जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले :** राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

## स्वप्निल का सपना



स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

कविता
दिनेश पाठक 'शशि'




## छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : 1.सबसे आगे बैठे डॉग की पूंछ मुड़ी हुई है। 2.बाईं तरफ आगे खड़े डॉग का एक अगला पैर मुड़ा हुआ नहीं है, चारों पैर जमीन पर टिके हैं। 3.बाईं तरफ पीछे बैठे डॉग के सिर से लेकर आंख तक का एक हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 4.पीछे दौड़ रहे डॉग की नाक का अगला हिस्सा अलग तरह का है। 5.चित्र में पीछे दाईं तरफ सूरज चमक रहा है। 6.दाईं तरफ पीछे बैठे डॉग की जीभ अंदर है। 7.दाईं तरफ आगे बैठे डॉग का एक कान नहीं दिख रहा है।

## एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।












## खबर संक्षेप

### शिविर में योग क्रियाओं से अवगत करवाया

**गन्नौर।** आयुष विभाग व योग आयोग हरियाणा द्वारा 11 वें विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए योग शिविर पुरखास गांव में लगाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं को गर्भवती महिलाओं के लिए योग शिक्षिका रेनू ने योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिक्षक जीत राम ने गर्भावस्था से पूर्व और गर्भावस्था के बाद के विशेष सूक्ष्म व्यायाम कलाई, कोहनी, भद्रासन, वज्रासन, शवासन। प्राणायाम, भ्रामरी, प्रणव कराए गए।

### संवेदी गतिविधि के जरिए स्वादों से परिचित करवाया

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल ने प्री-प्राइमरी बच्चों के साथ एक संवेदी गतिविधि आयोजित की ताकि उन्हें विभिन्न स्वादों से परिचित कराया जा सके। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को अलग अलग स्वाद के बारें में जानकारी देना था। गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न स्वादों से परिचित कराया गया।

### महिलाओं के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन

**सोनीपत।** आयुष विभाग हरियाणा और योग आयोग हरियाणा के अंतर्गत 11वें विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला सोनीपत आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार के मार्गदर्शन में डा. विनोद कुमार (जिला योग समन्वयक), संगीता (योग विशेषज्ञ) के निर्देशानुसार गांव पुरखास के नागरिक स्वास्थ्य केंद्र पर 24 अप्रैल को गर्भवती महिलाओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया।

### दादा ढीकन वाला आश्रम ने नवीन को किया सम्मानित

**खरखौदा।** सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान देने वाले नवीन खांडा को दादा ढीकन वाला आश्रम द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक नारायण सिंह ने कहा कि नवीन खांडा पिछले 6 वर्षों से समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाना, शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करना, हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित करना और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग जैसे कार्यों से समाज को नई दिशा दी है।

### अवैध नशीले पदार्थ के साथ आरोपित दबोचा

**गोहाना।** प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत रोहतक एनसीबी यूनिट ने थाना शहर गोहाना के क्षेत्र में निजी कार में अवैध नशीला पदार्थ लेकर जा रहे आरोपित को दबोच लिया। आरोपित की पहचान गांव गढ़ी उजाले खां निवासी कर्मबीर उर्फ मन्नू पुत्र सूरत सिंह के रूप मे हुई है। टीम ने आरोपित के पास से 742 ग्राम चरस भी बरामद की है।

### जीवीएम के एनसीसी फेस्ट वॉरियर का समापन

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनसीसी इकाई के एनसीसी फेस्ट वॉरियर-2025 में मेजबान जीवीएम ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती, जिन्हें बतौर मुख्य अतिथि उप-आबकारी एवं कराधान आयुक्त (जीएसटी) नीलरत्न ने पुरस्कृत किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला ने भी विजेताओं को बधाई दी।

### मत्स्य विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन

**खरखौदा।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें खरखौदा खंड के सभी सरपंचों व ग्राम सचिवों ने हिस्सा लिया। जिला मत्स्य विभाग अधिकारी कश्मीर सिंह के द्वारा सभी गांव के प्रतिनिधियों को मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में बताया गया।

### नगरपालिका के नाले दे रहे हादसों को निमंत्रण

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर नगर पालिका के नाले जानलेवा साबित हो रहे हैं। नालों में कई बार बेसहारा पशु गिर चुके हैं। ताजा घटना में युवक ही नाले में गिर गया जिसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला जा सका। युवक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में आया था। दिल्ली मार्ग पर जैसे ही गाड़ी की तरफ जाने लगा तो पैर फिसल गया।

---

#### हमले की निंदा कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

# युवाओं ने प्रदर्शन करके आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई

### पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए

### आतंकी घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

पांची गुजरान के सभी नौजवान युवाओं ने एकत्रित होकर कश्मीर के पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए रोष जताया। जगदीप कक्कड़ के नेतृत्व में युवाओं ने कहा कि कायराना हमले में कम से कम 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, और कई अन्य घायल हो गए। यह हमला पहलगाम के लोकप्रिय पर्यटन स्थल बाईसरन में हुआ, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। युवाओं ने इस बर्बर कृत्य पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। युवाओं ने कहा कि इस तरह की आतंकी घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार को आतंकवाद के समूल नाश के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। युवाओं ने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष लोगों की जान लेने वाला एक जघन्य अपराध है, बल्कि यह कश्मीर में पर्यटन को भी एक बड़ा झटका है। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पांची गुजरान के युवाओं ने संकल्प लिया कि वे आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट रहेंगे और देश की शांति और सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।



शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते युवा।



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते मेयर राजीव जैन साथ में समाज के प्रबुद्ध जन।

## उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मंदिर निर्माण की मांग उठाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

मुंबई में नगर निगम द्वारा 30 वर्ष पुराने जैन मंदिर को तोड़ने से आक्रोशित दिगंबर जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त डॉ. मनोज यादव को ज्ञापन सौंपकर मंदिर के पुनर्निर्माण तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने किया। दिगंबर जैन समाज मंडी के अध्यक्ष सुरेश जैन अधिवक्ता ने बताया कि मुंबई महानगर निगम के अधिकारियों ने बिल्डर को फायदा पंहुचाने के लिए मंदिर को पूरी तरह से तोड़ दिया जबकि सैंकड़ो श्रद्धालु रोजाना पूजा अर्चना करते थे। उन्होंने कहा कि मंदिर आस्था के केंद्र होते हैं उन्हें क़ानूनी आड़ दिखाकर तोडना निंदनीय है। इस घटना से पूरे देश का जैन समाज आक्रोशित है। राजीव जैन ने कहा कि मंदिर तोड़ने के पीछे की मंशा एक प्रतिष्ठित होटल समूह को फायदा पंहुचाने की है जोकि किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महाराष्ट्र सरकार ने समय रहते जैन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उचित कदम नहीं उठाया तो पूरे देश में आंदोलन किया जायेगा। जिला उपायुक्त ने ज्ञापन की प्रति महाराष्ट्र सरकार को भेजने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में महामंत्री जय कुमार जैन, सुरेश जैन अधिवक्ता (प्रेजिडेंट), मुकेश जैन, संयोजक, मनीष जैन, सुमित जैन, अंकित जैन, चत्तर सैन जैन, नवीन जैन, आनंद जैन, रमेश जैन, दया राम जैन आदि मौजूद रहे।




खरखौदा। कार्यक्रम में विधायक का स्वागत करते वकील। फोटो :हरिभूमि

## विधायक ने बार एसो.के उत्थान के लिए 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी

- न्यायिक परिसर खरखौदा की स्थापना की 10वीं वर्षगांठ पर कई कार्यक्रम हुए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

बार एसोसिएशन में न्यायिक परिसर खरखौदा की स्थापना की 10 वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ हवन के साथ किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन के सभी वकीलों ने आहुति डाली। इसके बाद लायंस ब्लड सेंटर दिल्ली एवं भारतीय जनहित परिषद् खरखौदा के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सिविल जज सीनियर डिवीजन विक्रांत और सिविल जज जूनियर डिवीजन सूर्य करण चौधरी ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में पर्यावरण शुद्धि के लिए सभी वकीलों व न्यायालय के जजों ने मिलकर पौधारोपण किया। न्यायिक परिसर खरखौदा की स्थापना की 10 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दोपहर बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों जज, विधायक पवन खरखौदा, चेयरमैन नगरपालिका हीरालाल, एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने शिरकत की। बार एसोसिएशन के प्रधान आशुतोष सरोहा ने सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर और शाल व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। विधायक ने बार एसोसिएशन के उत्थान के लिए निजी कोष से 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। इसी तरह चेयरमैन हीरालाल ने 11 हजार रुपए की सहायता प्रदान की। बार एसोसिएशन प्रधान आशुतोष सरोहा ने पवन खरखौदा विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री से दो मांगे की। जिनमें कोर्ट के सामने वाले रोड को न्याय मार्ग का नाम देने तथा वकीलों के चैंबरों की नवनिर्मित बिल्डिंग में लिफ्ट की व्यवस्था करवाना शामिल था। विधायक ने उन्हें पूरा कराने का भरोसा दिलाया। मंच का संचालन संदीप दहिया एडवोकेट ने किया। रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए लाइंस ब्लड सेंटर दिल्ली एवं भारतीय जनहित परिषद के अध्यक्ष भरत शर्मा व प्रवीण कुमार लाइब्रेरियन को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर साहिल गनौत्रा, अमित दहिया मौजूद रहे।

## जेई का तत्काल तबादला रद करने की मांग

### बिजली चोरी पकड़ने पर जेई का तबादला करने से बिजली कर्मचारी नाराज

- बिजली कर्मचारियों का धरना 8वें दिन भी रहा जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

शहर में बरोदा रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय में विभागीय कर्मचारियों का धरना गुरुवार को 8वें दिन भी जारी रहा। निगम कर्मचारी बिजली चोरी पकडऩे गए जेई का तबादला करने से नाराज हैं और इसके विरोध में धरने पर बैठे हैं। बिजली कर्मचारी प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक पूरा दिन धरने पर डटे रहे, जिससे बिजली कार्यालयों में काम ठप रहा। बिजली निगम के जेई सुनील ने कुछ दिन पहले मुख्य बाजार में एक दुकानदार के यहां बिजली चोरी पकड़ी थी। उसके बाद उनका भाजपा नेता ने उनका यहां से तबादला करा दिया। इसके विरोध में संयुक्त एक्शन कमेटी के बैनर तले कर्मचारी विरोध करते हुए बरोदा रोड स्थित निगम के एसडीओ कार्यालय में धरना दे रहे हैं। कर्मचारी जेई का तबादला रद करने की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को धरने पर अनिल देशवाल, प्रदीप नरवाल, सुरेश यादव, राजेश शर्मा, लहणा सिंह, राजेश वर्मा, अनिल कौशिक, सतीश शर्मा, जगदीश, भारत, संदीप, पवन, मनोज, जगबीर भाटिया, नवीन, अमित, कपिल, रामपाल रोहिल्ला, नरेंद्र गुर्जर, सूरजभान, सुरेश कुमार, कृष्ण दत्त, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मालिक, चांद सिंह और नितेश शर्मा सहित अन्य कर्मचारी धरने पर बैठे। इस दौरान ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने फैसला लिया है कि शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री अरविंद शर्मा का पुतला दहन किया जाएगा।



गोहाना। धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## गांव को नशा मुक्त, स्वच्छ बनाने में योगदान दें महिलाएं: आनंद हुड्डा

- पंचायती राज दिवस पर मुंडलाना गांव में ग्राम सभा आयोजित की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को गांव मुंडलाना में ग्राम सभा आयोजित की गई। सभा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हैल्पर, आशा वर्कर्स और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने प्रतिभागिता की। खंड कार्यक्रम प्रबंधक आनंद हुड्डा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भूमिका और दायित्व बहुत अहम है। पंचायती राज संस्थाओं में अपनी भूमिका से महिलाएं गांवों को नशा मुक्त और स्वच्छ बनाने में सराहनीय योगदान दे सकती हैं। खंड कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि स्वच्छता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। अपने देश को स्वच्छ बनाने की शुरूआत अपने गांव से करें। वे बोले कि जल के बिना जीवन नहीं है। जल को व्यर्थ न बहने दें। पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से महिलाएं जल संरक्षण को भी बढ़ावा दें। ग्राम सभा में बिमला, सुदेश, बबली, दर्शना, सुमित्रा व राजबाला सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।



ग्राम सभा में महिलाओं को संबोधित करते खंड कार्यक्रम प्रबंधक आनंद हुड्डा।



कलाकारों द्वारा बनाई कलाकृति देखते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

### कलाकृतियों से बिखेरे कला प्रतिभा के रंग

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग व नेशनल इंटीग्रेटेड फॉर्म ऑफ़ आर्टिस्ट एंड एक्टिविटीज के तत्वाधान में इंद्रधनुष-रंग, रानियां और कहानियां विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय पेंटिंग प्रदर्शनी और कार्यशाला गुरुवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव और विशिष्ट अतिथि इवेंट फैसिलिटेटर डॉ. मनोज मलिक थे। समापन सत्र की अध्यक्षता असिस्टेंट डीन स्टूडेंट वेलफेयर व कार्यक्रम को-ऑर्डिनेटर डॉ. कृतिका दहिया ने की। कहा कि इंद्रधनुष-रंग, रानियां और कहानियां केवल विषय नहीं है बल्कि एक दर्शन है। कलाकार गुरमीत गोल्डी ने कहा कि महिला विवि की धरती साक्षात ईश्वर का वरदान है। कलाकार कंवल पल सिंह, कोमल कौर, कादंबरी वर्धन आदि मौजूद रहे।

## समूह लोक नृत्य कला के सीखे गुर

- माता शीतला पब्लिक स्कूल में लोक नृत्य एवं गायन कला कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

नॉर्थ जोन सांस्ककि केंद्र, पटियाला के तत्वावधान में गांव रिंढाणा स्थित माता शीतला पब्लिक स्कूल में 15 दिवसीय कार्यशाला बुधवार को शुरू हो गई। छात्रों को हरियाणवी लोक नृत्य एवं गायन कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुरेश नरवाल ने की। संयुक्त संयोजन प्राचार्य जोगेंद्र नरवाल और उप प्राचार्य राजेश राठी का रहा। कार्यशाला में लोक कलाकार मनोज जाले विद्यार्थियों को हरियाणवी समूह व एकल लोक नृत्य के साथ गायन कला का प्रशिक्षण देंगे। बुधवार को कार्यशाला के पहले दिन विद्यार्थियों को नृत्य कला के गुर सिखाए। लोक कलाकार मनोज ने वर्ष 2013 में धर्मपुत्र कला मंच की स्थापना की थी। उसके बाद से वह निरंतर लोक कला को बढ़ावा देने की दिशा में का काम कर रहे हैं और अब तक काफी युवाओं को इस कला में पारंगत बना चुके हैं। उन्हें वर्ष 2018 में तेलंगाना प्रदेश द्वारा कला संभ्रम अवार्ड, वर्ष 2023 में सीसीआरटी द्वारा जूनियर फेलोशिप अवार्ड और दिसंबर वर्ष 2024 में उत्तर क्षेत्र लोक कला सम्मान से अलंकृत किया जा चुका है। कार्यशाला का मूल उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर संस्कृति को सुरक्षित व संरक्षित करना है।



विद्यार्थियों को लोक नृत्य के गुर सिखाते लोक कलाकार मनोज जाले।




गोहाना। डीप्टी डीईओ बसंत कुमार ढिल्लों का अभिनंदन करते शिक्षकगण।

### डिप्टी डीईओ का किया अभिनंदन

गोहाना। शैक्षणिक खंड मुंडलाना के बीईओ बसंत कुमार ढिल्लों डिप्टी डीईओ के पद पर पदोन्नत हो गए। उनकी इस पदोन्नति को लेकर खंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उनका अभिनंदन किया गया।मुंडलाना खंड के अंतर्गत राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बिचपड़ी, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय राणा खेड़ी, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गंगाना और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोदा में डिप्टी डीईओ बसंत कुमार ढिल्लों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य आनंद श्योराण, प्राचार्य राजेश और प्राचार्य राजेन्द्र कुंडू व विद्यालयों के अन्य स्टाफ सदस्यों ने बसंत का अभिनंदन किया और कार्य की सराहना की। शिक्षकों ने कहा कि ढिल्लों के बीईओ के पद कार्यरत रहते शैक्षणिक खंड मुंडलाना हर क्षेत्र में जिला सही नहीं अपितु राज्य में अव्वल रहा।

#### आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत का 68वां वार्षिकोत्सव

# चार वर्ण व चार आश्रम व्यवस्था का बोध करवाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत का सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव और दिव्य आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिन वीरवार को संस्था प्रधान अर्जुन देव दुरेजा की अध्यक्षता तथा आचार्य उषर्बुध महाराज के ब्रह्मत्व में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा द्वारा यज्ञोपरान्त वेद मन्त्र से प्रवचन का आरम्भ करते हुए बताया कि मनुष्यों को कर्मों के अनुसार चार वर्णों में विभाजित किया है। जिसमें प्रथम ब्राह्मण का कार्य वेद प्रचार करना और कराना, दूसरे क्षत्रिय का कर्म बल प्राप्ति के पश्चात प्राणिमात्र की सुरक्षा करना, तीसरा वैश्य का कर्म साधन सम्पन्नता के पश्चात व्यापार संचालन द्वारा मानवमात्र की सेवा करना और चौथे वर्ण में शूद्र की संज्ञा दी गई है तीनों वर्णों के जनमानस की सेवा करना तथा तीनों वर्णों को योग्य है कि इनके भरण पोषण की व्यवस्था करना। वर्ण व्यवस्था का विभाजन केवल कर्म के अनुसार ही इसका जन्मजात की जाति व्यवस्था से कोई भी सम्बन्ध नहीं है। इसके अतिरिक्त मानव जीवन को चार आश्रमों में विभाजित किया गया है। जिसमें ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ की व्यवस्था की गई है। समारोह में भानु प्रकाश शास्त्री द्वारा गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम द्वारा चतुर्वेद शतकम के आधार पर यजुर्वेद के मन्त्रों का सस्वर पाठ किया।



गोहाना। आर्य समाज मॉडल टाउन में आयोजित हवन के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजन।

### ये रहे मौजूद

वैदिक प्रवक्ता हरिचन्द स्नेही द्वारा मंच का संचालन किया गया। समारोह में महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी, ज्ञानेश्वर त्यागी, गीता सहगल प्रधानाचार्या, सविता मल्होत्रा, ऊषा सपड़ा, मंजू आर्या, सुमन भगत, रविन्द्र आर्य, महेश जुनेजा, पीके मल्होत्रा, सुनील सचदेवा, ज्ञान ठाकुर, विनोद सहगल, मुकेश रावत, रविन्द्र आर्य, दीपक आर्य आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। गेटवे कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान हिस्सा लेते प्रतिभागी।

### हैकाथॉन का आयोजन किया

**सोनीपत।** गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों ने रात भर बारी-बारी से काम करते टीमों में बेहतरीन तालमेल दिखाया, जिससे परियोजनाओं की निरंतर प्रगति बनी रही और विश्राम का भी ध्यान रखा गया। पहले दिन के मूल्यांकन के बाद, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों, टीम स्पंदन, जुगाड़ू हैकर्स, न्यूरल नेक्सस, टीम नवचेतना और टुगेदर फॉर टुमॉरो ने अग्रिम अंक प्राप्त कर लीड बना ली है। दूसरे दिन की एक विशेष झलक एक्सपर्ट जैमिंग सेशन रही, जिसमें प्रत्येक टीम को तकनीकी मेंटर्स के साथ 15 मिनट का व्यक्तिगत समय मिला। इन केंद्रित बातचीतों के ज़रिये प्रतिभागियों को अपने प्रोजेक्ट्स को बेहतर दिशा देने, संदेहों को दूर करने और रणनीतिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।

## खबर संक्षेप



गोहाना। एनसीसी कैडेट्स सूबेदार राजेश, हवलदार संतोष थापा, असेन लिंबू व अपने गुरुजनों के साथ।

### एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए 58 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी

**गोहाना।** अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर गोहाना में गुरुवार को 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी जींद की ओर से एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए 58 विद्यार्थी ने परीक्षा दी। परीक्षा के लिए कक्षा 8वीं व 9वीं कक्षा के 12 से 15 वर्ष आयु तक के विद्यार्थी चुने गए। परीक्षक सूबेदार राजेश, हवलदार संतोष थापा एवं असेन लिंबू थे। विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार के दिशा-निर्देशन में परीक्षा आयोजित हुई।

### चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं : दोदवा

**सोनीपत।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने वीरवार को जनसंपर्क अभियान को आगे बढ़ाते हुए गांव बड़वासनी में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान जनसंपर्क अभियान के तहत सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जसबीर दोदवा ने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गरीब आदमी के उत्थान के लिये कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसकी वजह से आज हर गरीब परिवार मुख्य धारा में लौट रहा है।

### स्पर्धा में नेहा, साक्षी, अनुष्का और इंदू छाई

**सोनीपत।** टीका राम शिक्षा महाविद्यालय में स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मधु शर्मा, पूर्व प्राध्यापिका राई स्पोर्ट्स स्कूल सोनीपत एवं अलका, आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर द गर्ल्स मॉडल स्कूल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में टीका राम शिक्षा कॉलेज की छात्रा नेहा, मंडला कला में टीका राम शिक्षा महाविद्यालय की छात्रा साक्षी, कोलाज बनाने में कन्या कॉलेज खरखौदा की छात्रा अनुष्का, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट में टीका राम की छात्रा इंदू ने प्रथम स्थान पाया।

# एनएच-44 से लूटी कार फिर एनएच-334बी पर शराब ठेके से 1.25 लाख व मोबाइल लूटे

- देर रात एक के बाद एक लूट की दो वारदातों को दिया अंजाम
- बहालगढ़ से टैक्सी में लेकर स्विफ्ट डिजायर चालक को पिस्तौल दिखाकर लूटी कार
- दिल्ली के नरेला स्थित पॉकेट-6 निवासी चालक बोले बदमाशों ने कहा वह वारदात को अंजाम देकर टैक्सी छोड़ जाएंगे
- कार लूटने के बाद एनएच-334बी पर सतपाल एंड एसोसिएट के शराब के ठेके पर फायरिंग कर नकदी व मोबाइल लूटकर भागे
- ठेके के अंदर चलाई गोली, शराब की बोतल पर जाकर लगी
- बहालगढ़ व सेक्टर-27 थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी, क्राइम यूनिट पर भी कर रही पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ व सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से कार लूटने व शराब ठेके से लाखों रुपये की राशि सहित मोबाइल फोन लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ितों के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

**मामला नंबर-1 पिस्तौल के बल पर लाखों रुपये की राशि लूटी**

गांव राजपुर निवासी जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात वह साथी कर्मचारी उत्तर प्रदेश के जिला हरदोई के रहने सांडी गांव के रहने वाले सुरजीत के साथ मौजूद थे। रात करीब पौने नो बजे ठेके सामने एक कार आकर रूकी। कार से उतर कर आए दो युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करनी शुरू कर दी है। एक युवक ने गोली चला दी। जो रेक में रखी बोतलों पर लगी। आरोपितों ने उन पर पिस्टल तान कर काउंटर में रखे 1.25 लाख रुपये की राशि निकाल ली। वहीं, सुरजीत का मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद कार में सवार होकर भाग गए। उन्होंने मामले की सूचना ठेका मालिक और पुलिस को दी। शिकायत पर थाना सेक्टर-27 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी सवित का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**मामला नंबर-2 : बुक कर गन प्वाइंट पर कैब लूट ले गए बदमाश**

सेक्टर-13 नरेला दिल्ली निवासी आस मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि वह ओला उबर में कार चालक है। बुधवार की शाम करीब सात बजे सिंघु बार्डर पर मौजूद था। इसी दौरान दो युवकों ने पानीपत जाने के लिए उसकी गाड़ी बुक कर ली। उसके बाद वह उनको अपनी गाड़ी में बैठा कर पानीपत के लिए चल दिया जब कार बहालगढ़ के पास स्थित जुरासिक पार्क के निकट पहुंची तो उसके साथ आगे की सीट पर बैठे युवक ने कहा कि गाड़ी रोक लो एक महिला को साथ लेकर जाना है। युवक नीचे उतर कर उसकी साइड आ गया। खिड़की खोल कर कनपटी पर पिस्टल तान दी। दूसरा युवक भी नीचे उतर आया। उसने उसे खींच कर गाड़ी से बाहर उतार दिया। दोनों ने उसे गोली मारने की धमकी भी दी। आरोपित बोले की दो घंटे बाद उसकी गाड़ी यहीं पर मिल जाएगी। हमे कोई वारदात करने जाना है। आस मोहम्मद का कहना है कि वो डर के चलते गाड़ी से दूर हो गया। इसी दौरान दूसरे युवक ने उससे मोबाइल फोन भी छीन लिया। दोनों उसकी गाड़ी लेकर पानीपत की तरफ भाग गए। उनके जाने के बाद उसने राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में आरोपितों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मामले को लेकर थाना प्रभारी अरूण कुमार का कहना है कि आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जल्द गिरफ्तारी होगी**

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार व ठेके से राशि, मोबाइल सहित अन्य सामान के लूटने की शिकायतें मिली है। इस संबंध में क्राइम यूनिट सहित कई टीमों वारदातों की जांच कर रही है। वारदात स्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही बदमाशों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है।

-नरेंद्र कादियान, डीसीपी, क्राइम, सोनीपत।

**मामला नंबर-3 चाकू से वार कर ट्रक चालक-परिचालक से लूट**

त्रिपुरा के जिला अगरतला के जोगेंद्र नगर के रहने प्रसन्नजीत देबनाथ ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को परिचालक जावेद के साथ दिल्ली के अलीपुर से सामान लोड कर त्रिपुरा जाने के लिए निकला था। जब रात करीब दो बजे बीसवांमील से गाजियाबाद के लिए केएमपी पर चढ़े तो ट्रक से अचानक आवाज आई। उन्होंने ट्रक रोक लिया। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधे दो युवक ट्रक में चढ़ गए। दोनों उनको चाकू दिखाकर सामान और रुपये मांगे। विरोध करने पर एक युवक ने जावेद की छाती पर चाकू से वार कर दिया। जब उसने जावेद को छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उस पर भी चाकू से वार किया। जिससे उसके कंधे पर चोट आई। इसके बाद आरोपित डेसबार्ड से मोबाइल फोन और 2500 रुपये ले गए। इसके बाद उन्होंने डायल-112 पर मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनको अस्पताल पहुंचाया। जहां से जावेद को खानपुर मेडिकल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### विधायक ने बिजली निगम के अधिकारियों के साथ गुडमंडी में सुनी शिकायतें, दिए निर्देश

# बिजली निगम पूरी तैयारी रखे, शहर के जर्जर तार बदलें, लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मर हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुडमंडी स्थित महाराजा कम्युनिटी सेंटर में वीरवार को विधायक निखिल मदान पहुंचे, जहां उन्होंने बिजली निगम के आला अधिकारियों, जिला व्यापार मंडल के सदस्यों, मिशन रोड मार्केट के प्रधानों और निगम पार्षदों के साथ मिलकर बैठक की। इस दौरान विधायक निखिल मदान ने बिजली निगम से जुड़ी आमजन की शिकायतों को सुना और मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को समाधान के दिशा निर्देश दिए।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित विधायक निखिल मदान, बिजली निगम के अधिकारी, व्यापारी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

**जनता की शिकायतों पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

विधायक निखिल मदान ने आमजन की शिकायतों पर कोई कोताही नहीं बरती जाए। विधायक निखिल मदान ने मिशन रोड मार्केट में नीचे लटक रहे बिजली के जर्जर तारों को बदलने और तारों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बिजली निगम मोबाइल ट्रांसफार्मर की भी व्यवस्था रखे ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उसका प्रयोग किया जा सके।

**खपत बढ़ेगी**

विधायक निखिल मदान ने बैठक में मौजूद कार्यकारी अभियंता रणबीर देशवाल को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आगामी दिनों में बिजली की खपत और अधिक बढ़ने वाली है, इसके लिए बिजली निगम अपनी पूरी तैयारी रखें और जल्द से जल्द जर्जर हो चुकी सभी बिजली के तारों को बदलने का काम करें। क्षेत्र के लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करें। साथ ही बिजली समस्या से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए शिकायत केंद्र से जुड़े संबंधित सुपरवाइजर, फोरमैन और लाइनमैन और शिकायत सुनने वाले लोगों को दिशा निर्देश दें। इस अवसर पर मंडी में चेयरमैन संजय वर्मा, जिला व्यापार मंडल प्रधान संजय सिंगला, निगम पार्षद अतुल जैन, पार्षद नवीन तंवर, डॉ. ओमप्रकाश आत्रेय, भाजपा जिला महामंत्री नवीन मंगला, मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, हिंदू संस्था के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, नरेश वर्मा, चरण सिंह जोगी, राजेश वर्मा, मार्केट प्रधान दीपक वर्मा, मिशन चौक मार्केट प्रधान रामनारायण मित्तल, मार्केट प्रधान पवन तनेजा, धीरेंद्र शांडिल्य, सागर वालिया, राकेश जैन, सुशील पाराशर, अनिल जैन मौजूद रहे।

**अफसर बोले : काम लगभग पूरा है**

कार्यकारी अभियंता रणबीर देशवाल ने बताया कि मंडी क्षेत्र से जुड़े टीकाराम फीडर और सिटी फीडर पर जर्जर हो चुकी सभी तारों को बदलने का काम लगभग पूरा हो चुका है। आगामी दिनों में मंडी फीडर की जर्जर हो चुकी तारों को बदलने का काम शुरू किया जाएगा, इसके लिए बिजली कट लगाने से पहले क्षेत्रवासियों को सूचना दी जाएगी। कार्यकारी अभियंता रणवीर देशवाल ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र में अब तक 56 नए ट्रांसफार्मर भी विभाग द्वारा लगाए जा चुके हैं। निखिल मदान ने कहा कि जल्द ही पुरानी तहसील में पावर हाउस बनाने की दिशा में भी काम किया जाएगा। इसके लिए विभाग से संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा करवाया जाएगा, जिससे मंडी क्षेत्र के लोगों को बेहतर तरीके से बिजली आपूर्ति की जा सकेगी। इसके साथ ही शहर में 33 केवी के नए सब स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे।

### यूपीएसई में 76 वां रैंक हासिल किया

# जाजल की बिटिया का गांव में हुआ भव्य स्वागत

- विधायक कृष्णा गहलावत ने बधाई तो भाजपा मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

यूपीएसई के परिणाम में 76 वां रैक हासिल करने वाली गांव जाजल निवासी कल्पना का अपने पैतृक गांव में पहुंची। जहां उनका ग्रामीणों ने जोश व उत्साह से स्वागत किया। वहीं राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने बधाई दी। खेवड़ा रोड पर भाजपा के जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने स्वागत किया। ग्रामीण अपनी बेटी के आईएएस बनने के बाद खुली गाड़ी में लेकर गए। वहीं परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों का कहना है कि बिटिया ने सपने को सच कर दिखाया। कल्पना ने यह सफलता अपने तीसरे प्रयास में हासिल की है। कल्पना बिहार से अपने गांव में पहुंची। कल्पना के चाचा सोमबीर रावत ने बताया कि कल्पना के पिता कृष्ण कुमार कांट्रैक्टर हैं और माता अनिल गृहिणी हैं। कल्पना 2 भाई-बहनों में छोटी है। उसने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई सोनीपत के ब्राइट स्कालर स्कूल से की है। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी आनर्स किया। कल्पना शुरू से ही प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती थीं, इसके लिए उन्होंने दिल्ली में करीब 2 माह की कोचिंग ली, फिर सैल्फ स्टडी करती रही। पहले 2 प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बाद भी कल्पना ने हार नहीं मानी और परिवार के सपने को पूरा करने के लिए रोजाना 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई की।



राई। 76 वां रैंक प्राप्त कल्पना का स्वागत करते भाजपा मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल।

**कल्पना के पति भी आईएएस हैं**

सोमबीर रावत ने बताया कि कल्पना की 6 दिसम्बर 2024 को उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी सूर्य प्रताप से शादी हुई थी। वह आई.ए.एस. हैं और इन दिनों बिहार के रोहतास जिले में बतौर एस.डी.एम. अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# ग्रामीण युवा केंद्र छात्रावास के छात्र हुए यूपीएससी में सफल, 23 विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

जनसेवा को समर्पित राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के सुपुत्र समीर द्वारा दिल्ली में स्थापित ग्रामीण युवा केंद्र छात्रावास के विद्यार्थियों ने केंद्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में कमाल का प्रदर्शन किया है। छात्रावास के 23 विद्यार्थियों ने इस बार यूपीएससी में सफलता अर्जित की है। गत वर्ष भी बड़ी संख्या में छात्रावास के विद्यार्थी यूपीएससी में सफल हुए थे। विधायक कृष्णा गहलावत ने सोनीपत सहित छात्रावास के सभी सफल विद्यार्थियों को विशेष रूप से बधाई दी है। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के पुत्र समीर ने दिल्ली में ग्रामीण युवा केंद्र हॉस्टल स्थापित किया है, जो विशेष रूप से यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को समर्पित किया हुआ है। केंद्र में विद्यार्थियों को निशुल्क रूप से पुस्तकालय सहित कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। इस बार केंद्र के 23 विद्यार्थियों ने यूपीएससी में सफलता प्राप्त की है।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत बेटे समीर गहलावत को युवा केंद्र के छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए।

- कगत वर्ष भी बड़ी संख्या में यूपीएससी में सफलता पाई थी

### पहलगाम में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेस भवन में शोकसभा आज : कमल दीवान

**सोनीपत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी कमल दीवान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देश की आत्मा पर सीधा प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। दिवान ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह केवल निंदा तक सीमित न रहे, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की एकता और अखंडता पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब समय आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए। उन्होंने कहा कि शहर में कैंडल मार्च निकालकर आमजन ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भाजपा सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए, अन्यथा जनता में आक्रोश निरंतर बढ़ता जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह 10 बजे सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में पहलगाम में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा की जाएगी।



कमल दीवान।

- आतंकवाद के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई करे सरकार

# खुबडू के साहिल ने यूपीएससी में पाया 245वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

यूपीएससी द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में गन्नौर क्षेत्र के गांव खुबडू गांव के बेटे साहिल धनखड़ ने आल इंडिया 245वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

साहिल धनखड़ अपने माता-पिता के साथ पिछले करीब 13 वर्षों से कुरूक्षेत्र में रह रहे हैं, लेकिन परिणाम घोषित होते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। साहिल धनखड़ पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने 8वीं कक्षा तक की कुरूक्षेत्र रह कर की। इसके बाद चंडीगढ़ डीएवी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। पटियाला थापर विश्वविद्यालय से उन्होंने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की। साहिल धनखड़ ने बताया कि यूपीएसई में जाने की प्रेरणा उन्हें अपने दादा नफे सिंह से मिली, वह आबकारी एवं कराधान ईटीओ रहे। उनके पिता धर्मबीर धनखड़ भी इस ही विभाग में ईटीओ रहे। जबकि उनकी माता दीपिका गृहणी हैं। इंजीनियरिंग करने के बाद वर्ष 2019 में कोरोना काल के दौरान उन्होंने यूपीएससी की तैयारी करने का निर्णय लिया। पहले उन्होंने आनलाइन तैयारी की।



गन्नौर। यूपीएससी में सफल होने पर साहिल धनखड़ का स्वागत करते उनके माता पिता व परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# पंचायती राज संस्थाओं को मिलकर काम करके मजबूत बनाएं : अशोक

- आईटीआई राजलू गढी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढी में वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया । संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय पंचायती राज की आवश्यकता देश की उन्नति वह प्रगति में योगदान व उनकी विशेषता के बारे में अपना ज्ञान सांझा किया तथा वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार ने भाषण प्रतियोगिता के समापन पर बताया कि हमारे देश में पंचायती राज ग्राम स्वराज और स्थानीय स्वशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अशोक कुमार ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को और मजबूत बनाने और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने के लिए हमे मिलकर काम करने के लिए हर संभव प्रयास व सहयोग करना चाहिए इस अवसर पर संस्थान के अन्य अनुदेशक आदि मौजूद रहे।





गन्नौर। पंचायत राज दिवस पर संबोधित करते इंचार्ज अशोक कुमार।





गन्नौर। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बाल भव स्कूल के छात्र कार्यक्रम के दौरान।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर छात्रों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा बाल वाटिका एक से लेकर पहली कक्षा के बच्चों को साफ सफाई का ध्यान रखना सिखाया गया। जिसमें नियमित रूप से स्नान करना, ब्रश करना,नाखून की सफाई करना तथा छोटी छोटी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली के बारे में बताया और बच्चों को स्वच्छता के लाभ और हानि के बारे में बताया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा दी। बच्चों को नियमित साफ सफाई के बारे में बताया गया।

# डेल्टा डिफेंडर्स बना शौर्य ग्रुप विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत के भव्य सभागार में एनसीसी फेस्ट 'लक्ष्य' का आयोजन पूरे उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से वरिष्ठ एनसीसी कैडेट्स से नव नियुक्त कैडेट्स को दायित्व सौंपने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और वरिष्ठ प्रोफेसर मंजू गोएंडी के स्वागत से हुई। इसके बाद मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज एनसीसी सब यूनिट की चार इंट्रा ग्रुप्स—अल्फा असॉल्ट, ब्रावो बटालियन, कैमो कमांडोज और डेल्टा डिफेंडर्स के मध्य अनेक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिनमें इंडिविजुअल ड्रिल टेस्ट, स्क्वाड ड्रिल, लीडरशिप क्वालिटी टेस्ट, पब्लिक स्पीकिंग, कविता पाठ, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, भारतीय वीरों के चित्रांकन, एकल व समूह नृत्य, गायन, रस्साकशी आदि प्रमुख रहे। इन रोमांचक मुकाबलों के आधार पर डेल्टा डिफेंडर्स को 'शौर्य ग्रुप विनर' घोषित किया गया।





सोनीपत। हिंदू गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती एनसीसी कैडेट्स।

- हिन्दू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत में आयोजित हुआ एनसीसी फेस्ट

### राजकीय महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता में तनु रही प्रथम

**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक- सांप्रदायिकता एक चुनौती था। इस प्रतियोगिता का आयोजन नीरा द्वारा किया गया। सांप्रदायिकता का अर्थ धर्म के आधार पर आपस में ईर्ष्या, द्वेष की भावना रखना नहीं है। भारत एक बहु धर्मी देश है और सांप्रदायिकता हमारे देश के सामने बड़ा खतरा है।

विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता के माध्यम से सांप्रदायिकता पर अपने विचार व्यक्त किए तथा सांप्रदायिकता को समाप्त करने के उपाय सुझाए। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ किरण सरोहा ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि युवा पीढ़ी सांप्रदायिकता को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस प्रतियोगिता में तनु बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, आयुष बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा महक बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

PARAS® CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
ADMISSION OPEN for NTT
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग
B.Ed. & D.L.Ed.
NEAR CITY MALL, SONIPAT
Call : 9149112716, 7015755714